# अध्याय - 4 | खरपतवार

**QUIZ-01**

**1. खरपतवारों की कौन-सी विशेषता उन्हें शीघ्र फैलने में सहायक बनाती है?**

A. सुंदरता
B. बीज उत्पादन की अधिकता
C. कम उम्र
D. लाल रंग के फूल (B)

***व्याख्या :*** खरपतवारों में प्रति पौधा बीज उत्पादन क्षमता अधिक होती है, जिससे वे तेज़ी से फैलते हैं।

**2. सत्यानाशी खरपतवार के बीज किस फसल के बीज से मिलते-जुलते हैं?**

A. मक्का B. गेहूँ
C. सरसों D. धान (C)

***व्याख्या :*** सत्यानाशी के बीज सरसों के बीजों से अत्यधिक मिलते-जुलते हैं, जिससे उनकी पहचान मुश्किल होती है।

**3. 'गेहूँसा' किस प्रकार का खरपतवार है?**

A. द्विबीजपत्री
B. बहुवर्षीय
C. एकवर्षीय रबी खरपतवार
D. जलमग्र क्षेत्र का खरपतवार (C)

***व्याख्या :*** गेहूँसा एक एकवर्षीय खरपतवार है जो रबी की फसलों के साथ उगता है।

**4. अमरबेल किस प्रकार का खरपतवार है?**

A. जलमग्र
B. शाकीय
C. परजीवी
D. सूखा क्षेत्रीय (C)

***व्याख्या :*** अमरबेल एक परजीवी खरपतवार है जो फसल पर निर्भर होकर पोषण प्राप्त करता है।

**5. निम्न में से कौन-सा वरणात्मक शाकनाशी का उदाहरण है?**

A. ग्लाइफोसेट
B. पैराक्वेट
C. 2,4-डी
D. मिथाइल ब्रोमाइड (C)

***व्याख्या :*** 2,4-डी एक वरणात्मक शाकनाशी है जो केवल चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारों को नष्ट करता है।

**6. मृदा सौरीकरण विधि का उद्देश्य क्या है?**

A. जल संरक्षण
B. खरपतवार बीजों को जलाना
C. मृदा को उर्वर बनाना
D. मृदा ताप बढ़ाकर खरपतवार बीज नष्ट करना (D)

***व्याख्या :*** मृदा सौरीकरण में प्लास्टिक शीट से ढकने पर ताप बढ़ता है जिससे खरपतवार के बीज नष्ट हो जाते हैं।

**7. 'कृष्णनील' किस वर्ग के खरपतवार में आता है?**

A. जलमग्र
B. एकवर्षीय
C. द्विबीजपत्री
D. परजीवी (C)

***व्याख्या :*** कृष्णनील एक द्विबीजपत्री खरपतवार है जिसकी पत्तियाँ चौड़ी होती हैं।

**8. 'डाइक्वाट' किस प्रकार का शाकनाशी है?**

A. वरणात्मक
B. अवरणात्मक
C. पत्र सक्रिय
D. स्थानान्तरित (B)

***व्याख्या :*** डाइक्वाट एक अवरणात्मक शाकनाशी है जो सभी प्रकार के पौधों को नष्ट करता है।

**9. निम्न में से कौन-सा खरपतवार शुष्क क्षेत्रों में पाया जाता है?**

A. जलकुंभी
B. मोथा
C. नागफनी
D. कांस (C)

***व्याख्या :*** नागफनी शुष्क क्षेत्र का खरपतवार है जो कम जल में भी जीवित रहता है।

**10. निम्न में से कौन-सी विधि बंजर भूमि में खरपतवार नियंत्रण हेतु उपयोगी है?**

A. पलवार विधि
B. छाया विधि
C. जलाना
D. चराई (C)

***व्याख्या :*** बंजर भूमि में खरपतवारों को नियंत्रित करने के लिए जलाने की विधि प्रभावी होती है।

मिशन ज्ञान पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES